संक्षिप्त

ममता शर्मा ने ज्योतिषी परामर्श लिया

देवली । यहां शनिवार को महिला आयोग की पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष ममता शर्मा भगवान गुरु कृपा संस्थान पर पहुंची। इस मौके पर ममता शर्मा ने भगवान गुरु कृपा संस्थान के पंडित मुकेश गौतम से मुलाकात करते हुए ज्योतिषी परामर्श भी लिया। पंडित मुकेश गौतम ने जानकारी में बताया कि राष्ट्रीय महिला आयोग की पूर्व अध्यक्ष ममता शर्मा जयपुर से कोटा जा रही थी। इसी बीच वह देवली शहर रुकी और भगवान गुरु कृपा संस्थान पहुंची। जहां उन्होंने अपनी कुंडली पर ज्योतिष परामर्श लिया। इस दौरान ममता शर्मा ने पंडित मुकेश गौतम से शिष्टाचार भेंट कर कुशलक्षेप भी पूछी। उल्लेखनीय की भगवान गुरु कृपा संस्थान के पंडित मुकेश गौतम अभी हाल ही में एक सड़क दुर्घटना के करण चोटिल हो गए थे । माना जा रहा है कि पूर्व अध्यक्ष ममता शर्मा असल में पंडित गौतम के स्वास्थ्य कि कुशलक्षेप लेने लिए यहां रुककर वापस कोटा को रवाना हो गई।

जुआ खेलने के 7 आरोपी गिरफ्तार

निवाई। निवाई थाना पुलिस व सदर पुलिस ने जुआ खेलने के आरोप सात आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने मौके से 41 हजार 180 से जुआ राशि व ताशपती जब्त की है। थानाधिकारी रामजीलाल बैरवा ने बताया कि गांव रम्भा में सार्वजनिक स्थान पर जुआ खेलते हुए आरोपी लक्ष्मण जाट व विष्णु बैरवा दोनों निवासी रम्भा व छोटुराम मीना निवासी रामकिशनपुरा उर्फ कचोलिया थाना पीपलू को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने मौके से 19 हजार 350 जुआ राशि जब्त की है। इसी प्रकार सदर थाना पुलिस ने सार्वजनिक स्थान पर जुआ खेलते हुए आरोपी हरसहाय मीणा निवासी ढाणी जुगलपुरा, कमलेश मीणा निवासी मूंडिया, राजेशकुमार मीणा निवासी बाढ दामोदरपुरा व सुनिलकुमार मीणा निवासी मूंडिया को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने मौके से 21 हजार 750 जुआ राशि जब्त की है।

गौतम व जयहिंद से की षिष्टाचार भेंट

कोटपूतली। कांग्रेस आईटी सैल के प्रदेष महासचिव शाहरूख टांक ने शनिवार को राजधानी नई दिल्ली स्थित अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी (एआईसीसी) कार्यालय में कांग्रेस एससी विभाग के राष्ट्रीय अध्यक्ष राजेन्द्र गौतम व ओबीसी विभाग के राष्ट्रीय अध्यक्ष अनिल जयहिंद से षिष्टाचार भेंट की। इस मौके पर टांक ने उन्हें दीपोत्सव की बधाई देते हुये कांग्रेस पार्टी की पारम्परिक सूत की माला पहनाकर स्वागत अभिनंदन किया। साथ ही संगठनात्मक गतिविधियों व कांग्रेस आईटी सैल के कार्यक्रमों से अवगत भी करवाया। टांक ने बताया कि आईटी सैल निरन्तर सक्रिय रहकर कांग्रेस पार्टी के विरूद्ध भाजपा द्वारा फैलाये जा रहे भ्रामक प्रचारों का बेहद सक्रियता के साथ खण्डन कर रही हैं। उल्लेखनीय है कि टांक पार्टी के सक्रिय कार्यकर्ता के तौर पर पहचान रखते हैं।

बैठक आज

निवाई। देवधाम जोधपुरिया में भगवान श्री देवनारायण ट्रस्ट के चुनाव को लेकर रविवार को निर्वाचन अधिकारी नेहनूलाल गुर्जर की देखरेख में साधारण सभा की बैठक आयोजित होगी। निर्वाचन अधिकारी नेहनूलाल गुर्जर ने बताया कि रविवार को देवधाम जोधपुरिया में प्रन्यास मंडल श्री देवनारायण मंदिर ट्रस्ट के चुनाव को लेकर विधान के धारा 10 के अनुसार नाम निर्देशन फॉर्म प्राप्त किए जाएंगे। इसी प्रकार नाम निर्देशन फार्म की जांच की जाएगी। फार्म वैध पाए जाने पर फार्म का चस्पा किया जाएगा एवं नाम वापसी कार्रवाई की जाएगी। इसके बाद यदि आवश्यक हुआ तो मतदान होगा।

जगदीश सैनी मन की बात कार्यक्रम का प्रदेश संयोजक बने

मनोहरपूर। भारतीय जनता पार्टी प्रदेशाध्यक्ष मदन राठौड़ के निर्देशानुसार मन की बात कार्यक्रम के प्रदेश संयोजक के पद पर जगदीश सैनी (गुड्डू सैनी) को मनोनीत किया गया है।

नम्बर मिलाइए
9587884433

सिर्फ एक फोन कॉल पर विज्ञापन घर बैठे बुक करायें।

श्री ज्ञानदास आश्रम बड़नगर में धूमधाम से कलश यात्रा निकाली

पावटा। श्री ज्ञानदास आश्रम बड़नगर में मंगल चंद गर्ग द्वारा आयोजित श्रीराम कथा का शुभारंभ गोपाल जी मंदिर बड़नगर बाबा ज्ञानदास महाराज के सान्निध्य में रामरिछपालदास महाराज, मानदास महाराज, बलदेवदास महाराज, हरिओमदास महाराज, मोहनदास रामायणी महाराज, सोमेंद्र महाराज सहित संतो की गरिमामय उपस्थिति में धूमधाम से कलश यात्रा के साथ हुआ। इस अवसर पर श्री राम कथा पोथी व कलश की विशेष पूजा अर्चना के बाद मुख्य यजमान मंगल चंद गर्ग व उनकी पत्नी उर्मिला देवी गर्ग व बाबा ज्ञानदास महाराज द्वारा पोथी व कलश को सिर पर रखकर कलश यात्रा प्रारंभ हुई।

कई जगहों पर यात्रा का पुष्प वर्षा कर स्वागत किया गया। कलश यात्रा के दौरान महिलाएं सिर पर कलश लेकर

बाबा ज्ञानदास महाराज द्वारा पोथी व कलश को सिर पर रखकर कलश यात्रा प्रारंभ हुई।

व कथावाचक अतुल रामायणी (मध्य प्रदेश) नगर भ्रमण करते हुए कथा स्थल श्री ज्ञानदास आश्रम बड़नगर पहुंचे। कलश यात्रा के दौरान रास्ते में भक्त भजनों की धुन पर व जय श्री राम के जयकारे लगाते हुए झूमते नाचते हुए चल रहे थे, जिससे कस्बे का माहौल भक्तिमय हो गया। आयोजक मंगल चंद गर्ग ने बताया कि श्री राम कथा का आयोजन 25 अक्टूबर से 2 नवंबर तक प्रतिदिन दोपहर 1 बजे से शाम 5 बजे तक किया जाएगा। कथा वाचक अतुल

■ भजनों की धुन पर व जय श्री राम के जयकारे लगाते हुए झूमते नाचते हुए चल रहे थे, जिससे कस्बे का माहौल भक्तिमय हो गया

रामायणी (मध्य प्रदेश) महाराज के मुखारविंद से रसपान कराया जाएगा। कथावाचक कथावाचक अतुल रामायणी (मध्य प्रदेश) ने बताया कि राम नाम अविनाशी है। उन्होंने कहा कि यह नाम सदैव बना रहेगा और इसकी महिमा दिन-प्रतिदिन बढ़ती जाएगी। रामायणी के अनुसार, प्रभु श्रीराम ने स्वयं कहा है कि राम से बड़ा राम का नाम है।

उन्होंने यह भी बताया कि भगवान शिव भी हर प्रहर राम नाम का जाप करते हैं। संसार का संचालन राम नाम से ही हो रहा है, जिसमें सूर्य, चंद्रमा, अग्नि और वायु की शक्ति समाहित है। उन्होंने जीवन में राम नाम के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि यह हर पल और हर क्षण में विद्यमान रहता है।

बच्चे के जन्म पर राम नाम का सोहर गाया जाता है, विवाह जैसे मांगलिक कार्यों में राम के गीत गाए जाते हैं, और मनुष्य की अंतिम यात्रा में भी राम नाम का ही घोष होता है। इस दौरान विधायक प्रतिनिधि आशीष धनकड, पूर्व विधायक इंद्राज गुर्जर, पवन गर्ग, प्रदीप गर्ग, केशव गर्ग, विमल गर्ग, पूर्व प्रधान प्रतिनिधि जगन चौधरी, शिवपाल राठी, सतीश खंडेलवाल, दिनेश शर्मा, अमित शर्मा, रामकरण यादव सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे।

बाजार की सड़क पर अतिक्रमण की भरमार

फुलेरा। नगरपालिका प्रशासन की अनदेखी के चलते फुलेरा का गणगौरी बाजार अस्थाई अतिक्रमणकारियों की भेंट चढ़ चुका है। व्यापारियों ने बताया कि इस सड़क की चौड़ाई करीब 100 फीट की है, रात 11 बजे तक बाद ये सड़क पूरी चौड़ी दिखती है। लेकिन हर दिन सुबह 8 बजते ही अस्थाई अतिक्रमण के चलते रोड की चौड़ाई 20 फीट में सिकुड़ जाती है। मुख्य बाजार में वह दुकानें जो कि लाखों रुपए लगाकर अपनी आजीविका चलाने के लिए दुकान करते है, उन्हीं दुकानों के सामने लोगों ने थड़ी-ठेलो व तख्ते लगाकर अपनी अस्थाई दुकानों का सजा रखी है। पक्की दुकानों के सामने जब अस्थाई थड़ी ठेले खड़े हो जाते है, तो ग्राहक उन दुकानों पर पहुंच ही नहीं पाता साथ ही मुख्य बाजार में बड़े ट्रक अथवा पिकअप लगने से भी रास्ता अवरूद्ध हो रहा है। वहीं मुख्य बाजार की जो सुन्दरता बनी हुई थी उस पर भी ग्रहण लग रहा है।

कलक्टर ने भूमि उपयोग परिवर्तन व विकास कार्यों पर लगाई रोक

■ जिला कलक्टर प्रियंका गोस्वामी ने राज्य सरकार के सार्वजनिक निर्माण विभाग के मुख्य सचिव के निर्देशानुसार कोटपूतली तहसील के 14 राजस्व गांवों में भूमि उपयोग परिवर्तन पर प्रतिबंध लगा दिया

कोटपूतली। विगत बजट में राज्य सरकार द्वारा घोषित किये गये कोटपूतली-किषनगढ़ एक्सप्रेस वे के निर्माण हेतु भूमि अधिग्रहण की प्रक्रिया शुरू हो गई हैं। राज्य सरकार द्वारा नियत समय में एक्सप्रैस वे का निर्माण किये जाने को लेकर युद्ध स्तर पर प्रक्रिया शुरू की जा रही हैं। उक्त एक्सप्रैस वे कोटपूतली तहसील के 14 राजस्व गांवों में से होकर गुजरेगा। इस सम्बंध में जिला कलक्टर प्रियंका गोस्वामी ने राज्य सरकार के सार्वजनिक निर्माण विभाग के मुख्य सचिव के निर्देशानुसार कोटपूतली तहसील के 14 राजस्व गांवों में भूमि उपयोग परिवर्तन पर प्रतिबंध लगा दिया हैं। साथ ही इस सम्बंध में आवष्यक दिशा निर्देश जारी करते हुये किसी भी प्रकार के भूमि उपयोग परिवर्तन पर रोक के साथ-साथ किसी भी प्रकार के विकास कार्य एवं निर्माण को बिना अनुमति के नहीं किये जाने के निर्देश भी जारी किये हैं। उक्त दिषा निर्देश प्रस्तावित कोटपूतली-किशनगढ़ एक्सप्रैस वे के सम्भावित प्रभावित क्षेत्र में तत्काल लागू होगें।

निम्न राजस्व गांवों में होगा भूमि अधिग्रहण - प्राप्त जानकारी के अनुसार कोटपूतली तहसील के ग्राम गोनेड़ा में 41.489 है., कालुहेड़ा में 2.709 है., करवास में 15.831 है., कायमपुराबास में 1.233 है., भोपतपुरा में 12.190 है., चुरी में 17.493 है., रामनगर में 12.107 है. व बनेठी में 9.255 हैक्टेयर भूमि का अधिग्रहण होगा। इस प्रकार कुल 14 राजस्व गांवों में 171.666 हैक्टेयर भूमि का अधिग्रहण होगा। भूमि अधिग्रहण हेतु गजट नोटिफिकेशन के बाद मुआवजा वितरण की प्रक्रिया शुरू होगी। जिला कलक्टर ने प्रस्तावित एक्सप्रैस वे के सम्भावित मार्ग पर उक्त रोक लगाते हुये उपखण्ड अधिकारी कोटपूतली, तहसीलदार कोटपूतली, उप पंजीयक कोटपूतली, विकास अधिकारी पंचायत समिति कोटपूतली, आयुक्त नगर परिषद व सम्बंधित ग्राम विकास अधिकारियों को निर्देश जारी किये हैं।

30 विद्युत कनेक्शन काटे

निवाई। विद्युत विभाग द्वारा बकाया बिल राशि वसूली अभियान के तहत शहर में शनिवार को दूसरे दिन भी करीब 30 विद्युत कनेक्शन काटे गए एवं करीब 3 लाख रुपए की वसूली की गई। विभाग के सहायक अभियंता कैलाशचन्द माली ने बताया कि बकाया बिल वसूली अभियान को लेकर जमात, शिवाजी कॉलोनी, हनुमान नगर, रेलवे स्टेशन, वनस्थली मोड, रिको द्वितीय, मायला

■ विद्युत के करीब 2 लाख रुपए बकाया चल रहे थे

बाग, गणगौरी बाजार, खणदेवत रोड, पुरानी सब्जी मंडी व पुलिस थाने के आस पास के क्षेत्र में विद्युत के करीब 2 लाख रुपए बकाया चल रहे थे। उपभोक्ताओं द्वारा राशि जमा नहीं करवाने पर शनिवार को करीब 30 विद्युत कनेक्शन काटे गए हैं। उन्होंने बताया कि अभियान के तहत करीब 3 लाख रुपए की बकाया बिल राशि वसूली की गई है।

मंत्री संजय शर्मा ने सम्मान समारोह में 100 प्रतिभाओं का सम्मान किया

राजगढ़। कस्बे में ब्राह्मण समाज की ओर से ब्राह्मण धर्मशाला में शनिवार को दोपहर प्रतिभा सम्मान समारोह में वन एवं पर्यावरण मंत्री संजय शर्मा ने करीब एक सौ प्रतिभाओं का सम्मान किया। इस दौरान उन्होंने शिक्षा के प्रचार प्रसार के साथ उपस्थित लोगों से प्रतिस्पर्धा के युग में उन्नत किस्म की शिक्षा ग्रहण कर लक्ष्य बनाने का आव्हान किया। इस दौरान उन्होंने प्रतिभागी छात्र-छात्राओं

■ राजकीय सेवा में नियुक्ति पाने वाले होनहार छात्र-छात्राओं को दुपट्टा एवं प्रतीक चिन्ह के साथ प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित किया

एवं राजकीय सेवा में नियुक्ति पाने वाले होनहार छात्र-छात्राओं को दुपट्टा एवं प्रतीक चिन्ह के साथ प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित किया।

इस दौरान अध्यक्ष राजेश शर्मा ठेकेदार ने दिवंगत मदनलाल शर्मा के ब्राह्मण समाज को दिए गए योगदान को

ब्राह्मण समाज की ओर से धर्मशाला मेंप्रतिभाओं का सम्मान किया।

अविस्मरणीय बताते समाज के लिए उनके योगदान पर विस्तार से प्रकाश डाला।

वन एवं पर्यावरण मंत्री संजय शर्मा ने संबोधन में कहा कि प्रतिभाओं के सम्मान में माता-पिता एवं गुरुजनों का अहम योगदान है। शिक्षित युवा माता-पिता एवं गुरुजनों की सेवा के साथ जीवन में सेवा भाव को प्राथमिकता दें। इससे पूर्व ब्राह्मण समाज के अध्यक्ष राजेश शर्मा ठेकेदार एवं कार्यकारिणी की ओर से मंत्री संजय शर्मा, त्रिपोलिया महादेव मंदिर अलवर के महंत जितेंद्र खेड़ापति, अशोक कुद्दल समाजसेवी, जले सिंह, जिला अध्यक्ष विशंभर दयाल, रामावतार सिद्ध, एवं आकाश मिश्रा सहित अन्य अतिथियों का दुपट्टा एवं प्रतीक चिन्ह से सम्मान किया। मंत्री संजय शर्मा को अध्यक्ष की ओर से चांदी का मुकुट प्रदान किया गया, जो उन्होंने समाजके जरूरतमंद की सेवा के लिए पुन: अध्यक्ष को समर्पित कर दिया।

इस दौरान डॉ मोहित शर्मा, यश शर्मा, सौरभ शर्मा, पाखी शर्मा एवं अन्य नियुक्ति पाने वाले प्रतिभाओं के साथ अन्य का गर्म जोशी से अभिनंदन किया। इस अवसर पर अध्यक्ष राजेश शर्मा कार्यक्रम का प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष प्रकाश दीक्षित, भूपेंद्र शर्मा, संजय राजस्थानी, नरेंद्र शर्मा, प्रदीप शर्मा, विवेक दीक्षित एवं अन्य भाजपा कार्यकारिणी सदस्य एवं प्रमुख लोग मौजूद रहे।

देवली बस स्टैंड पर असामाजिक तत्वों की गुंडागर्दी से आमजन परेशान

देवली । इन दिनों देवली शहर के बस स्टैंड पर खाद्य सामग्री बेचने वाले और असामाजिक तत्वों की गुंडागर्दी चरम सीमा पर पहुंच गई है। ऐसे हालातो को जानकर भी देवली शहर की पुलिस उक्त खाद्य सामग्री बेचने वाले और असामाजिक तत्वों पर अंकुश लगाने में कोताही बरती चली जा रही है। उल्लेखनीय है कि देवली शहर के बस स्टैंड पर प्रतिदिन लगभग तीन सौ बसो का आवागमन बना हुआ रहता है। इसमें अधिकांश बसें राजस्थान रोडवेज की शामिल है। ऐसे में यहां के केंद्रीय बस स्टैंड पर पुलिस की तैनाती बहुत कम देखी जाती है। पुलिस प्रशासन की इसी कमी के कारण बस स्टैंड में खाद्य सामग्री बेचने वालो कि मनमानी और असामाजिक तत्वो की गुंडागर्दी चरम सीमा पर पहुंच गई है। यहां खाद्य सामग्री बेचने वाले लोग रोडवेज और प्राइवेट बस के आते ही यात्रियों के उतरने से पहले उस पर चढ़ जाते हैं। और धक्का मुक्की करते हुए बस के अंदर घुस जाते हैं। ऐसी परिस्थितियों के बीच महिला यात्रियों को बेडटच जैसे गंभीर हालातो से जूझना पड़ता है। ऐसे में किसी यात्री ने इनकी मनमानी का विरोध किया तो उक्त व्यक्ति यात्री के साथ मारपीट पर उतारू हो जाते हैं। ऐसी गंभीर घटनाएं देवली शहर के बस स्टैंड पर आए दिन

■ महिला यात्रियों को बेडटच जैसी गंभीर परिस्थितिया झेलनी पड़ती है

घटित होती है। यह जग जाहिर है और पुलिस को भी ऐसे हालातो की जानकारी बखूबी प्राप्त है। ऐसे में समझने वाली बात तो यह है कि ऐसे हालातो की जानकारी देवली थाना पुलिस को बखूबी प्राप्त होने पर भी । पुलिस यहां ऐसे हालातो पर अंकुश लगाने में पूरी तरह विफल बनी हुई है। कई मर्तबा मीडिया द्वारा भी ऐसे हालातो की जानकारी थाना अधिकारी को दी गई है। लेकिन उक्त असामाजिक तत्वों पर आज तक कोई कार्रवाई नहीं हो सकी है। मामला यह सामने आया कि शुक्रवार को एक रोडवेज बस के परिचालक की एक युवक से मामूली कहा सुनी हो गई। इस पर उक्त युवक के तीन-चार साथी युवकों ने सरकारी परिचालक को जमकर पीटा डाला। जिससे परिचालक को मामूली चोटे भी पहुंची। इस मामले में रोडवेज कर्मियों से मिली जानकारी के अनुसार विवाद 2 रुपए के सिक्के को लेकर उत्पन्न हुआ था। जो देखते ही देखते मामूली विवाद ने हिंसक रूप ले लिया।

'स्वदेशी के भाव को विज्ञान, प्रौद्योगिकी और स्वच्छता से जोड़कर कार्य करें'

अलवर। केंद्रीय वन एवं पर्यावरण मंत्री भूपेंद्र यादव और राजस्थान वन एवं पर्यावरण मंत्री संजय शर्मा ने अलवर के अम्बेडकर नगर स्थित भाजपा कार्यालय में आयोजित 'आत्मनिर्भर भारत संकल्प अभियान' के अंतर्गत कार्यकर्ता सम्मेलन में सहभागिता की।

केंद्रीय मंत्री यादव ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी ने कार्यकर्ताओं के लिए ठोस संकल्प तय किया है, स्वदेशी के माध्यम से सशक्त भारत का निर्माण। उन्होंने कहा कि स्वदेशी को अपनाना केवल व्यापार नहीं, बल्कि भावी पीढियों के लिए आत्मनिर्भर भारत की नींव रखना है।

उन्होंने कहा कि हमें स्वदेशी व्यापार और व्यापारियों को आगे बढ़ाने का कार्य करना होगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दस वर्ष पूर्व जनधन, आधार और मोबाइल को जोडक़र डिजिटल क्रांति की शुरुआत की, जिसके माध्यम से विभिन्न योजनाओं में लगभग 6.83 लाख करोड़ से अधिक की राशि सीधे लाभार्थियों तक पहुंचाई गई। प्रधानमंत्री

मंत्री भूपेंद्र यादव ने 'आत्मनिर्भर भारत संकल्प अभियान' के अंतर्गत कार्यकर्ता सम्मेलन में सहभागिता की।

मोदी ने देश को दो महत्वपूर्ण मंत्र दिए हैं

उन्होंने कहा कि जीएसटी से पूर्व अप्रत्यक्ष करों का भार आमजन पर अधिक पड़ता था। प्रधानमंत्री मोदी ने जीएसटी के रूप में एक राष्ट्र-एक कर की प्रणाली लागू की, जिससे चुंगी व नाके समाप्त हुए और अंतरराज्यीय व्यापार सुगम हुआ। जीएसटी 2.0 में स्लैब घटने से दीपावली पर रिकॉर्ड खरीदारी हुई तथा घरेलू उत्पादन व कृषि क्षेत्र में कर कम होने से आमजन को लाभ मिला।

उन्होंने कहा कि भारत आज मोबाइल निर्माण में विश्व का दूसरा सबसे बड़ा उत्पादक देश है। कपड़ा और फार्मास्यूटिकल क्षेत्र में कर वापसी (टैक्स रिफंड) की प्रक्रिया सुधारने से छोटे व्यापारियों को राहत मिली है।

केंद्रीय मंत्री यादव ने कहा कि वर्ष

■ केंद्रीय मंत्री यादव ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी ने कार्यकर्ताओं के लिए ठोस संकल्प तय किया है, स्वदेशी के माध्यम से सशक्त भारत का निर्माण

2047 तक विकसित और मजबूत भारत के निर्माण के लिए पार्टी को राजनीतिक आंदोलन, सुशासन मॉडल और लोकभावना के रूप में स्वदेशी को घर-घर तक पहुँचाना होगा। सरकार स्टार्ट-अप्स को बढ़ावा दे रही है, जिससे युवा आत्मनिर्भर उद्यमी बन रहे हैं। व्यावसायिक सुगमता के लिए नए नवाचार केंद्र विकसित किए जा रहे हैं।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के स्वदेशी के नारे में महात्मा गांधी जी के चरखे से लेकर चंद्रयान तक भारत की स्वदेशी शक्ति झलकती है।

ऋतिक शर्मा के निधन पर संपूर्ण गांव में शोक की लहर

पावटा। मांजूकोट निवासी ऋतिक शर्मा पुत्र राकेश शर्मा की अकस्मात सड़क दुर्घटना में देवलोक गमन होने के कारण निधन हो गया जिससे संपूर्ण गांव में शोक की लहर दौड़ गई। जिस पर ऋतिक के चाचा योगेश शर्मा विमल शर्मा ने बताया कि ऋतिक के निधन पर प्रदेश के मुख्यमंत्री राजस्थान सरकार भजनलाल शर्मा ,जयपुर सांसद मंजू शर्मा, कैबिनेट मंत्री राज्यवर्धन सिंह राठौड, हवामहल विधायक बालमुकुंदाचार्य, वरिष्ठ कांग्रेस नेता पुष्पेंद्र भारद्वाज आदि ने इस निधन पर शोक व्यक्त किया है।

मुख्यमंत्री ने ईश्वर से प्रार्थना की कि वह पीड़ित परिवार को इस दु:ख की घड़ी में शक्ति प्रदान करें। एक सांत्वना संदेश में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने लिखा, उपखंड पावटा के गांव मांजूकोट निवासी ऋतिक शर्मा पुत्र राकेश शर्मा की सड़क दुर्घटना में असामयिक मृत्यु होने की खबर अत्यंत हृदय विदारक है।

मुख्यमंत्री ने कहा, ईश्वर दिवंगत आत्माओं को अपने श्रीचरणों में स्थान प्रदान करें।

सार-समाचार

जाट प्रतिभा सम्मान समारोह आज

भरतपुर । महाराजा जवाहर सिंह स्मारक समिति द्वारा 26 अक्टूबर 2025 को आयोजित होने वाली समिति स्थापना व जाट प्रतिभा सम्मान समारोह के संदर्भ में 25 अक्टूबर 2025 शनिवार को आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में मीडिया प्रभारी डॉ. उदय भान सिंह ने कहा कि सन् 2013 में गठित समिति का मुख्य उद्देश्य जाट भवन का निर्माण करना है, यह सपना साकार हो रहा है तथा 3300 वर्ग गज क्षेत्रफल में मडरपुर रोड पर पांच मंजिला भवन निर्माणधीन है। मुख्य भामाशाह समिति संरक्षक व इंडिया पेरा एथेलेटिक फैडरेशन के चौयरमैन डॉ. नरेन्द्र सिंह फौजदार पिदावली ने कहा कि निर्माणधीन जाट भवन सर्व समाज को मजबूती प्रदान करेगा तथा इस भवन को भव्य बनाने में पैसे की कमी नहीं आने दी जाएगी। समिति अध्यक्ष इंजीनियर सरदार सिंह ने बताया कि समिति समाज की कुरीतियाँ जैसे मृत्युभोज व दहेज को रोकने हेतु जागरूकता अभियान भी चलाती है। समिति महासचिव सुधीर पाल सिंह ने 25 अक्टूबर को आयोजित होने वाली प्रतिभा सम्मान समारोह पर प्रकाश डालते हुए बताया कि समाज के प्रतिभाभान विद्यार्थी, प्रशासनिक सेवा, विश्वविद्यालय प्रोफेसर, भारतीय सेनाओं के अधिकारी वर्ग में चयनित अभ्यर्थी, खेल में राष्ट्रीय व अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर मेडल प्राप्त खिलाड़ी व अन्य क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले व्यक्तियों का सम्मान किया जाएगा।

कलक्टर ने तिब्बती शरणार्थी मार्केट का किया उद्घाटन

अलवर। जिला कलक्टर डॉ. आर्तिका शुक्ला ने आज केडलगंज में तिब्बती शरणार्थी मार्केट का फीता काटकर उद्घाटन किया। जिला कलक्टर ने कहा कि तिब्बती शरणार्थी हमारे यहां अतिथि के रूप में पधारे हैं, इनको किसी भी प्रकार की असुविधा न हो इसके लिए यूआईटी एवं नगर निगम आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि जिले के पर्यटन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से अन्य राज्यों में संपर्क स्थापित कर इस प्रकार की गतिविधियों के लिए प्रोत्साहित किया जावे।

कार्यालय उपायुक्त, (विद्याधर जोन)
नगर निगम ग्रेटर जयपुर
(अम्बाबाडी सामुदायिक केन्द्र, अम्बाबाडी सर्किल, जयपुर)
क्रमांक-एफ. 55(वि जोन न.नि.ज. (रो)/2024/1207 दिनांक-18/9/24
सार्वजनिक सूचना
भूखण्ड संख्या 45-सी, कुमावत कॉलोनी (श्री जनता गृह निर्माण सहकारी समिति) जयपुर विकास प्राधिकरण द्वारा श्री लक्ष्मीनारायण पुत्र श्री कालूराम दो बेटपल 121.82 वर्गगज भूमि का पट्टा विलेख जारी किया गया था। पंजीकृत विक्रय पत्र के आधार पर श्रीमती पूजा शर्मा पत्नी श्री रोशिकाश शर्मा द्वारा उक्त भूखण्ड का नाम हस्तानरण चाहा गया है। उक्त भूखण्ड के नाम हस्तानरण बाबत किसी भी व्यक्ति, संस्था, फर्म, कम्पनी को किसी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो 07 कार्य दिवस मेजरोड़ सांगानेर के कार्यालय में प्रस्तुत करे। अन्यथा निर्धारित अवधि की समाप्ति के बाद विधिवत नियमानुसार नाम हस्तानारण की कार्यवाही सम्पादित कर ली जावेगी।
उपायुक्त विद्याधर नगर जोन नगर निगम ग्रेटर, जयपुर

खोया पाया
मेरा मकान का एक मूल पंचायत पट्टा जो हनुमान व नारायण पुत्र श्री गंगाराम के पक्ष में दि. 25.9.1981 को जारी हुआ था, वो दि. 1 जुलाई 2025 को कहीं खो गया है, अगर किसी को मिले तो हमें इसकी सूचना देवें। मो.-7791893438

नाम परिवर्तन
मेरा नाम विष्णु कुमार अग्रवाल (Visnhu Kumar Agarwal) था। अब मैंने बदल कर विष्णु कुमार अग्रवाल (Vishnu Kumar Agarwal) रख लिया है। भविष्य में मुझे विष्णु कुमार अग्रवाल (Vishnu Kumar Agarwal) के नाम से जाना जावे। प्लॉट नं.-29 सूर्यनगर गोपालपुरा बाईपास जयपुर

मेडिकल रिकार्ड नष्ट करने हेतु सार्वजनिक सूचना
शैल्बी हॉस्पिटल, जयपुर, राजस्थान
शैल्बी हॉस्पिटल्स जयपुर की मेडिकल ऑडिट कमेटी ने उन इनडोर मरीजों और ब्लड बैंक रिकॉर्ड (डोनर ब्लड रिपोर्ट, मरीज क्रॉस मैच रिपोर्ट) (जन्म, मृत्यु और मेडिको लीगल मामलों को छोड़कर) के मेडिकल रिकॉर्ड नष्ट करने का फैसला किया है, जो 1 जनवरी, 2017 से 31 दिसंबर, 2021 की अवधि के दौरान भर्ती हुए थे।
आईपी सीरीज (01.01.2017 से 31.12.2021 के बीच पंजीकृत)
जो मरीज, रिश्तेदार और चिकित्सक अपने मेडिकल रिकॉर्ड प्राप्त करना चाहते हैं, वे इस विज्ञापन के प्रकाशन की तिथि से एक महीने के भीतर शैल्बी हॉस्पिटल, जयपुर के मेडिकल एडमिनिस्ट्रेशन से संपर्क करें।
पुनर्प्राप्ति की प्रक्रिया के लिए, आईपी नंबर (इन-पेशेंट नंबर), मरीज का पूरा नाम और मरीज से संबंध का प्रमाण प्रस्तुत करते हुए संपर्क करना होगा।
कृपया ईमेल आईडी: Mrd.jaipur@shalby.in पर संपर्क करें।
कृपया ध्यान दें कि निर्धारित तिथि के बाद उपरोक्त रोगी केस फाइलों के लिए किसी भी अनुरोध पर विचार नहीं किया जाएगा।
शैल्बी मल्टीस्पेशिटी हॉस्पिटल, जयपुर
सेक्टर-3, गिरधर गाँधी पथ अग्रवसपाल के पास, चित्रकूट, वैशाली नगर, जयपुर-302021
फोन नं. 0141-7123889 मो. 9057901410
SHALBY MULTI-SPECIALTY HOSPITAL
Info.jaipur@shalby.org I www.shalby.org

पटेल नगर गृह निर्माण सहकारी समिति लि., जयपुर (राज.)
आम सूचना सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि पटेल नगर गृह निर्माण सहकारी समिति लिमिटेड की योजना गोवर्धन विहार स्थित जाटो का बास, जयसिंहपुरा खोर, आगरा रोड जयपुर मे स्थित भूखण्ड संख्या 87 का आंवटन पत्र श्री प्रहलाद सहाय चौधरी पुत्र श्री सुवालाल चौधरी को जारी किया गया था, तत्पश्चात श्री प्रहलाद सहाय चौधरी से उक्त मूल आंवटन पत्र, साईट प्लान, रसिद खो गयी जिसकी गुमशुदगी रिपोर्ट दिनाक 29. 07.2025 को पुलिस थाना जामडोली, जयपुर पुर्व मे दर्ज करवायी गयी जिसका इन्द्राज गुमशुदगी रजिस्ट्रर के क्रमांक 31 पर किया गया है। श्री प्रहलाद सहाय चौधरी के द्वारा समिति मे डुप्लीकेट आंवटन पत्र, साईट प्लान, रसिद के लिए आवेदन प्राप्त हुआ है अत: सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि उक्त भूखण्ड के सम्बन्ध मे किसी को आपत्ति हो तो 15 दिवस मे समिति मे आपत्ति पेश करे अन्यथा उक्त भुखण्ड का डुप्लीकेट आंवटन पत्र, साईट प्लान, रसिद श्री प्रहलाद सहाय चौधरी के नाम से जारी कर दिया जावेगा।
कार्यालय पता - सी-18, गायत्री नगर विस्तार, रामपथ महारानी फार्म, दुर्गापुरा जयपुर

विवाद्यकों के स्थिरीकरण के लिए सम्मन
(आदेश 5 के नियम 1 और 5)
नाम न्यायालय अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश कम सं. 3 जयपुर महानगर, प्रथम जयपुर
स्टेट बैंक ऑफ इण्डिया बनाम मैसर्स असजद अहमद वाद बाबत वसूली वाद सं. 51/2023
1. असजद अहमद पुत्र अरशद अहमद व 2. अरशद अहमद पुत्र हाजी सहादत हुसैन, पता-मकान नं. 57, महबूब विहार, कली का भट्ठा, दिल्ली बाईपास रोड, ईदगाह, जयपुर
वादी ने आपके विरूद्ध नकल संलग्न के लिए वाद संस्थित किया है। आपका इस न्यायालय में तारीख 29.10.2025 को दिन में 10:00 ए.एम. बजे दावे का उत्तर देने के लिये उपसंजात (हाजिर) होने के लिए सम्मन किया जाता है। आप न्यायालय में स्वयं या किसी ऐसे प्लीडर द्वारा उपसंजात हो सकते है जिसे सम्यक अनुदेश दिए गये हों और जो इस वाद से सम्बन्धित सभी सारवान प्रश्नो का उत्तर दे सकें या जिसके साथ ऐसा कोई व्यक्ति हो जो ऐसे प्रश्नो का उत्तर दे सकें। आपको यह निर्देश दिया जाता है कि आप उस दिन अपनी प्रतिरक्षा का लिखित कथन दाखिल करें और उस दिन ऐसे एव दस्तावेज जो आपके कब्जे में या शक्ति में है, पेश करे जिन पर आपकी प्रतिरक्षा या मुजराई का दावा या प्रतिदावा आधारित है, और यदि आप किसी अन्य दस्तावेज पर, चाहे वह आपके कब्जे या शक्ति में हो अपना प्रतिरक्षा या मुजराई के दावे या प्रत